RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525
# पाठकपक्ष
वर्ष : 36 | अंक : 235
हिसार | वीरवार, 23 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## श्याम जन्मोत्सव : मंदिर बागडिय़ान, पड़ाव से निकली निशान रथ यात्रा-शहर हुआ श्याममय

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 23 नवम्बर :** मंदिर बागडिय़ान ट्रस्ट, पड़ाव चौक की ओर से 71वें श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गत सायं रथ यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा की विशेषता श्याम बाबा नये रथ व नये सिंहासन पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले और पूरे रास्ते रथ को भक्तों द्वारा अपने हाथों से खींचा गया। अनेक झांकियों के साथ रथ यात्रा में 251 श्रद्धालु निशान उठाये हुए भी शामिल हुए। नगर के हजारों लोगों ने कोलकत्ता से आये कारीगरों द्वारा श्याम बाबा के किये गये श्रृंगार के दर्शन किये।





# सीएम बोले- हरियाणा में जहरीली शराब कांड में 3 करोड़ जुर्माना, 35 गिरफ्तारियां

## बीपीएल परिवारों को आर्थिक मदद देने के लिए सरकार की ओर से एक अप्रैल से दयालु योजना चलाई, जो हो रही कारगर साबित : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 23 नवम्बर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहली बार जहरीली शराब कांड को लेकर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों में जो जहरीली शराब से यमुनानगर-अंबाला में दुर्घटना हुई है उस मामले में सरकार ने कार्रवाई की है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर की गई हैं, अब वह जेल में हैं। सीएम ने बताया कि सरकार की ओर से इस मामले में एल-13 लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। लगभग 3 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। तीन यमुनानगर में केस दर्ज कर 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं तीन मुकदमे अंबाला में दर्ज कर 16 गिरफ्तारी की गई है। सीएम ने चंडीगढ़ में बताया कि इस कांड में चार लाइसेंसधारी शामिल हैं। इनको डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया है। सरकार ने सख्त कदम उठाकर यह संदेश दिया है कि भविष्य में ऐसी कोई भी गलत दोबारा न हो सके।

वहीं सीएम मनोहरलाल ने कहा कि इस वित्त वर्ष में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय परिवार सुरक्षा नामक नई योजना की शुरुआत की थी इस योजना के 1964 लाभ पात्रों को 75 करोड़ 10 लाख रुपया उनके खाते में भेजे गए। आज 1159 और अन्य लाभ पात्रों के खाते में 44 करोड़ 48 लाख रुपये की राशि डाली जा रही है। किसी दुर्घटना में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर ग़रीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए यह योजना चलाई गई।


पंचकूला स्थित आवास पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**अलग-अलग स्लैब बनाकर पांच लाख रुपये तक दी जाती है सहायता राशि**
5 अलग अलग स्लैब बनाकर अलग अलग आयु वर्गों को 1 लाख रुपये से पाँच लाख रुपये तक दी जाती है सहायता राशि वहीं, सीएम ने कहा कि इस योजना के 1964 लाभ पात्रों को 75 करोड़ 10 लाख रुपया उनके खाते में भेजे गए। आज 1159 और अन्य लाभ पात्रों के खाते में 44 करोड़ 48 लाख रुपये की राशि डाली जा रही है किसी दुर्घटना में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर ग़रीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए यह योजना चलाई गई। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई। अमृतकाल में कैसे देश को विकसित भारत की तरफ लेकर जाएं। हरियाणा में 5000 से ज़्यादा कार्यक्रम इस यात्रा के ज़रिए किए जाएंगे। 26 जनवरी तक चलने वाली यात्रा में क्लस्टर वार्ड बनाकर कार्यक्रम किए जाएंगेसीएम मनोहर लाल ने कोविड के दौरान दर्ज हुए केसों को लेकर बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बहुत से नियम केंद्र और राज्य सरकार की ओर से बनते रहे। इनको सख्ती से लागू भी किया गया। इन नियमों को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की गई। अच्छी बात यह है कि अब सब ठीक है।सीएम ने बताया कि कोरोना के वक्त में दर्ज की गई 8275 स्नद्बक्रवापस ली जाएंगी, जो लोग उस समय गिरफ्तार हुए थे उन्हें राहत दी जाएगी।

**दयालु योजना के 44.48 करोड़ जारी किए**
सीएम मनोहर लाल खट्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि जो गरीब परिवार हैं उनकी मृत्यु हो जाती है, उन बीपीएल परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए सरकार की ओर से एक अप्रैल से दयालु योजना चलाई है। इसमें आयु के हिसाब से सरकार आर्थिक मदद कर रही है। 1.80 आय वाले लोग ही इस योजना के दायरे में आते हैं। छह वर्ष से 60 वर्ष तक आयु वाले लोगों की आकस्मिक मौत होने पर इस योजना के तहत परिवार को आर्थिक मदद दी जाती है। योजना के तहत अधिकतम राशि 5 लाख रुपए सरकार देती है। इसमें अभी तक 1964 लाख पात्रों को 65 करोड़ रुपया ट्रांसफर किए जा चुके हैं। आज 1159 लाभार्थियों के खाते में 44 करोड़ 48 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए हैं।

**सफाई कर्मचारियों को मिलेगा 12 हजार साल प्रोत्साहन**
सीएम ने बताया कि सफाई कर्मचारी अपने शहर को स्वच्छता के उच्च मानदंड में लेकर आएंगे, उन कर्मचारियों को 12 हजार रुपए वार्षिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। सूबे के सभी नगर निगम, नगर पालिका, परिषद के लिए तय 25त्र मानदंड तय किए गए हैं। इन कर्मचारियों को 12 हजार रुपए प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। प्रोत्साहन की यह राशि चार किश्तों में दी जाएगी। हर तीन महीने में इसकी एक किश्त दी जाएगी। इस योजना के तहत लगभग 20 करोड़ रुपए कर्मचारियों को अतिरिक्त दिया जाएगा। जो इस बार सर्वेक्षण आएगा उसके बाद अगले वर्ष में यह राशि दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख प्रधान सचिव श्री आर के खुल्लर, प्रधान सचिव श्री वी. उमाशंकर और श्री अमित अग्रवाल, महानिदेशक, जनसंपर्क विभाग भी उपस्थित थे।

# 'हरियाणा की 'प्रायश्चित' फिल्म अब चौपाल पर धूम मचा रही'

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 23 नवम्बर :** वे दिन गए जब कोई अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और श्रृंखलाओं पर भरोसा करता था जहां महत्वपूर्ण विषयों को उठाया जाता है और श्रृंखला की कहानी और पात्रों के माध्यम से लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाता है। आजकल कई स्थानीय लेखक और निर्देशक प्रासंगिक विषयों को चुन रहे हैं और अपनी स्थानीय भाषा में फिल्में बना रहे हैं। यह स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय आबादी को उन मुद्दों के बारे में जागरूक करने में मदद करने के लिए किया जाता है जो महत्वपूर्ण हैं और जिनके बारे में कम बात की जाती है। ऐसी ही एक फिल्म जो अब ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर उपलब्ध है, वह है हरियाणवी फिल्म 'प्रायश्चित' जो दोहरे व्यक्तित्व विकार से पीड़ित रणदीप द्वारा सामना किए गए एक चरित्र के प्यार, नुकसान और मानसिक परेशानी की एक अनूठी कहानी के बारे में बात करती है। यह मनोवैज्ञानिक नाटक अवश्य देखना चाहिए और एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को छूता है जिसे अधिक से अधिक लोगों को जानना आवश्यक है। नायक, रणदीप की भूमिका प्रतिभाशाली अभिनेता अंकित ने निभाई है, और उनकी पत्नी रुचि की भूमिका साक्षी ने निभाई है। फिल्म में अन्य कलाकार सत्यम यादव, साहिल सिंह सहित कई अन्य कलाकार हैं। प्रायश्चित का निर्देशन मशहूर निर्देशक विजय ने किया है और प्रायश्चित उनकी पहली फीचर फिल्म है। फिल्म का निर्माण आसिफ रशीद ने किया है। उक्त जानकारी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी जिसमें अभिनेता सत्यम, साहिल, जिया दहिया, रमेश आर्य, विजय (निर्देशक), और आसिफ राशिद (निर्माता) शाईका प्रोडक्शन डिजायनर, आर्ट डायरेक्शन मौजूद थे, और उन्होंने मीडिया के साथ फिल्म के बारे में विस्तार से बात की। चौपाल के चीफ कंटेंट ऑफिसर नितिन गुप्ता ने कहा कि 'एक मंच के रूप में, चौपाल ने स्थानीय लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक स्थानीय मनोरंजक फिल्म लाने का प्रयास किया है। न केवल पंजाबी, बल्कि भोजपुरी और हरियाणवी फिल्मों और वेब श्रृंखलाओं की बहुतायत के साथ, हम न केवल गुणवत्तापूर्ण सामग्री बल्कि प्रासंगिक सामग्री भी लाने का प्रयास करते हैं। 'प्रायश्चित' एक मनोवैज्ञानिक नाटक है जो प्रौद्योगिकी की लत और नायक के दोहरे व्यक्तित्व विकार के बारे में बात करता है। ये मुद्दे आज के समय में प्रासंगिक हैं और हमें खुशी है कि ऐसी सामग्री अब चौपाल पर स्ट्रीम हो रही है। चौपाल तीन भाषाओं पंजाबी, हरियाणवी और भोजपुरी में आपकी सभी नवीनतम और लोकप्रिय वेब श्रृंखलाओं और फिल्मों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है।




कुछ नवीनतम सामग्री में स्कैम, रेंज, डीजे वाले बाबू, आजा मेक्सिको चलिये, शिकारी, कल्ली जोट्टा, कैरी ऑन जट्टा 3, आउटलॉ, पंछी और कई अन्य शामिल हैं। चौपाल आपका सर्वोत्तम मनोरंजन ऐप है क्योंकि यह विज्ञापन-मुक्त है, इसे ऑफलाइन देख सकते हैं , एक से अधिक प्रोफाइल बना सकतें है, बिना किसी बाधा के स्ट्रीम कर सकते हैं और पूरे वर्ष असीमित मनोरंजन का लाभ ले सकते हैं।

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा में सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 23 नवम्बर :** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा हिसार प्रागण में महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एआईपीएनबीओए मंडल सचिव, हिसार श्री राजेश पसरीजा एवम श्री विजेंद्र सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक के शुभ हाथों से हुआ 7 पीएनबीआरसेटी के निदेशक प्रदीप कुमार जी ने अतिथि महोदय का स्वागत सत्कार किया 7 अतिथि महोदय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया व उन्हें मार्गदर्शन दिया कि वे वे अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अपना खुद काम का काम शुरू करने हेतु बैंक से ऋष्ञ के लिए भी आवेदन कर सकती है 7 पीएनबीआरसेटी के निदेशक प्रदीप कुमार जी ने अतिथि महोदय का धन्यवाद किया कि उन्होंने अपना कीमती समय निकाल कर प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया 7 निदेशक प्रदीप कुमार जी ने बताया कि दिसम्बर माह के पहले सप्ताह में फ्रिज व ए सी रीपेयर(30 दिन), सेलफोन रीपेयर (30 दिन) मेन सैलून (30 दिन) व अन्य निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होंगे । इच्छुक आवेदक अपने कागजी दस्तावेज की फोटोकॉपी लेकर संस्थान में जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराएं ।

## स्वदेशी मेले के लिए मंच ने शुरू किया संपर्क अभियान

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 23 नवम्बर :** हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 21 से 25 दिसंबर तक लगने वाले पांच दिवसीय स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेले से बच्चों को जोड़ने के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने विद्यालय संपर्क अभियान शुरू किया है। मेले के दौरान हर रोज विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। विजेता प्रतिभागियों को हर रोज पुरस्कृत भी किया जाएगा। विद्यालय संपर्क अभियान, स्टाल बुकिंग व मेले के प्रचार के संदर्भ में स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हिसार गौरव स्वदेशी मेले के संयोजक भारत मेहरवाल की अध्यक्षता में विवेकानंद भवन में आयोजित की गई।









# सम्पादकीय..........

## म्यांमार में संकट, भारत की बढ़ी चिंता

म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ जारी थ्री ब्रदरहुड अलायंस का ऑपरेशन 1027 गंभीर रूप लेता जा रहा है। खुद सैन्य शासन ने स्वीकार किया है कि बड़ी संख्या में सशस्त्र बागी सैनिक भारी हमला कर रहे हैं। खबरें बताती हैं कि सैकड़ों की संख्या में ड्रोन सैन्य चौकियों पर बम बरसा रहे हैं। दरअसल, म्यांमार में इस संकट की नींव दो साल पहले तब पड़ी जब फरवरी 2021 में सेना ने आंग सान सू की की अगुआई वाली निर्वाचित सरकार के हाथों से जबरन सत्ता छीन ली थी। पूरे देश में उसका व्यापक विरोध हुआ। लोकतंत्र बहाल करने की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए। लेकिन सैन्य शासकों ने आम लोगों के इस विरोध को ताकत से दबाने की कोशिश की, जिसका नतीजा यह हुआ कि आंदोलनकारियों का एक हिस्सा हथियार उठाने का फैसला कर उन सशस्त्र समूहों से जा मिला जो पहले से ही आत्मनिर्णय की मांग कर रहे थे। उसके बाद से ही दोनों पक्षों में झड़पें चलती रहीं, जिनमें 4000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसमें एक नया मोड़ तब आया जब 27 अक्टूबर से म्यांमार नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी, तांग नैशनल लिबरेशन आर्मी और अराकाम आर्मी - जिन्हें 3 ब्रदरहुड अलायंस कहा जा रहा है- ने मिलकर ऑपरेशन 1027 शुरू किया जिसका मकसद सैन्य शासन को उखाड़ फेंकना है। यह ऑपरेशन आगे क्या रूप लेता है और इसके क्या परिणाम आते हैं यह सवाल तो अपनी जगह है ही, लेकिन फिलहाल इसका प्रत्यक्ष परिणाम म्यांमार से भारत की सीमा में प्रवेश करने वाले शरणार्थियों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आ रहा है। पिछले हफ्ते ही 5000 म्यांमारियों का एक नया जत्था मिजोरम आया जिसमें कुछ सैनिक भी शामिल हैं। म्यांमार से भारत की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। खास बात यह कि भारत के चार राज्योंङ्क मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश- से लगती यह सीमा फ्री मूवमेंट व्यवस्था के तहत आती है जिसके मुताबिक लोग सीमा के दोनों तरफ 16 किलोमीटर तक आ-जा सकते हैं। वैसे भी सीमा के दोनों ओर बसी जनजातियों में आपसी रिश्तेदारियों के चलते इन प्रावधानों को कड़ा करना या शरणार्थियों के आने पर रोक लगाना मुश्किल है। मगर इसके साथ ही इन नॉर्थ-ईस्ट राज्यों के संवेदनशील हालात का भी ध्यान रखना होगा। 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से शरणार्थियों का जो तांता लगा है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले राज्य हैं मिजोरम और मणिपुर। नशे का अवैध कारोबार इस पूरे प्रकरण का एक अहम पहलू है। जानकारों के मुताबिक कुख्यात गोल्डेन ट्राएंगल -म्यांमार, लाओस और थाइलैंड बॉर्डर का इलाका- इसका प्रमुख स्रोत है। जाहिर है, न सिर्फ म्यांमार में बन रही अनिश्चितता की स्थिति बल्कि शरणार्थियों की बढ़ती संख्या भी भारत सरकार के लिए चिंता की बात है। उसे तेजी से बदलते हालात पर नजर बनाए रखनी होगी।

# दुनिया को साधना चाहते हैं तो आपके अंदर यह गुण होना जरूरी

**अध्यात्म**

स्कूल में पढ़ाई के दौरान कन्वेक्स लेंस के जरिए सूर्य की किरणों से कागज को बहुतों ने जलाया या सुलगाया होगा। समान रूप से सर्वत्र छितरी हुई किरणों की तुलना में केंद्रीकृत किरणें कई गुना अधिक ऊष्मा पैदा करती हैं और कागज का तापमान बढ़ते-बढ़ते ज्वलनशील स्तर तक पहुंच जाता है। सौर्य कुकर भी इसी थियरी पर निर्धारित क्षेत्र में ऊष्मा के छितराव को अवरुद्ध करते हुए खाना पकाता है। इसी तरह जीवन में निजी या सामूहिक स्तर पर छोटे-बड़े कार्य संपन्न करने में उपलब्ध क्षमताओं को एक दायरे में समेटना आवश्यक है, तभी उनका अधिकतम दोहन संभव होगा। अन्यथा चाहे जितनी कोशिश कर लें, बिखराव जारी रहेगा तथा लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होता जाएगा। ज्ञान और कौशल के विस्तार को एकल दिशा में सीमित नहीं करेंगे तो इनका लाभ न धारक को मिलेगा, न समाज को। विज्ञान, कला, चिकित्सा या साहित्य आदि की किसी भी शाखा में पारंगत हो कर यश पाने में सफल वही हुए हैं, जो विशेषज्ञता की गहराइयों में सतत कार्य करते रहे, कागज पर अपना लेंस साधे रहे।

विभिन्न अनुष्ठानों में पूजा-अर्चना से पूर्व पुरोहित आटा, हल्दी आदि से पट्टिका या भूमि पर स्वास्तिक, ओम, सूर्य-चंद्रमा या अन्य ज्यामितीय आकृतियां अकारण नहीं खींचता। देवी-देवताओं या परालौकिक शक्तियों के आह्वान के लिए पहले ऐसा ऊर्जा युक्त परिक्षेत्र निर्मित किया जाता है जो दैविक अस्मिताओं के अनुकूल हो, जहां वे कुछ अवधि के लिए सहजता से टिकें। मान्यता है कि नवनिर्मित परिक्षेत्र में बंध गई परालौकिक अस्मिताएं तुष्ट हो कर जजमान तथा भक्तों को आशीर्वाद से धन्य करती हैं। रेखाओं का संयोग मानव जीवन में रचा बसा है। ज्यामितीय आकृतियां विभिन्न तरीकों से हमारे जीवन को व्यवस्थित रखने में सहायक होती हैं। शिक्षार्थियों के लिए वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी तथा अन्य विधाओं के सिद्धांतों को सुबोध और सरल बनाने के लिए रेखाओं, ग्राफ, रेखाचित्रों तथा ज्यामितीय आकृतियों आदि का सहारा लिया जाता है। ईसाई मान्यता है कि प्रभु ने सृष्टि का निर्माण करने से पूर्व वृत्त बना कर सीमा निर्धारित की। जीव का सूक्ष्मतम अंश कोशिका तथा मस्तिष्क को सुरक्षा प्रदान करती बाहरी झिल्ली गोलाकार है। संपूर्ण शरीर त्वचा के खोल में निरापद रहता है। नामी भौतिकीविद एंटोनी गैरेट कहते हैं, 'संपूर्ण ब्रह्मांड का स्वरूप ज्यामितीय है। यह आकाश-काल प्रखंड में विचरती, नृत्य करती शानदार संरचना है।'

सिद्ध धर्मगुरुओं तथा उच्च आत्मबल से संपन्न व्यक्तियों के ओज का कारण उनका स्वयं को एक परिधि में बांधे रखना है। बड़े संकल्प के लिए निष्ठापूर्वक तप और ध्यान के सुदीर्घ अभ्यास से उनकी समस्त ऊर्जा घनीभूत हो जाती है। ऐसे सिद्ध जनों की उपस्थिति ही वातावरण में सकारात्मक तरंगें पैदा करती है, उनके सान्निध्य में जिज्ञासु आध्यात्मिक लाभ उठाते हैं। मनुष्य के जीवन में प्राणस्वरूप ऊर्जा का नाहक गतिविधियों में बिखराव न हो, इसका उपयोग अच्छे कर्मों के लिए हो, इस आशय से आदि ग्रंथों में अनुशासन, निग्रह और ब्रह्मचर्य के अनुपालन से ओजस्वी बनने का आह्वान है। ब्रह्मकुमारी शिवानी कहती हैं कि अनावश्यक विचारों को दिमाग में जगह न देने से आत्मा जीवंत रहेगी और अपने इर्द गिर्द दैविक सुरक्षा कवच की अनुभूति होगी। ओशो ने कहा था कि पूरी तरह से स्वार्थी बन जाओ। इसका अभिप्राय है कि विश्व को प्रकाशित करने या लोक कल्याण साधने के लिए मनुष्य को विचलनकारी सांसारिक आकर्षणों से बचना होगा। चित्त एकाग्र होगा तो मन, तन और वाणी से सशक्त बनना सहज होगा। स्वयं समर्थ होंगे तभी दूसरे के लिए सहायक बन सकेंगे।

# सुण मौल्लड़ की



उत्तरकाशी में टनल में फंसे मजदूरों को भोजन भेजा गया। शीघ्र रेस्क्यू होगा।

प्रभु से प्रार्थना: सभी ये मजदूर अपने परिवारों में सुरक्षित लौटें

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** मानसिक चिंता बनी रहेगी। नई योजनाओं की शुरूआत में बाधा आएगी। सोच-विचार कर पूंजी निवेश करें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**वृषभ :** पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा। उपहार प्राप्त होने की संभावना। बड़े भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** कैरियर में बदलाव का मन बनेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा।

**कर्क :** नए संपर्क भाग्योदय में सहायक रहेंगे। सामाजिक कार्यों में आपकी उपस्थिति बढ़ेगी। मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे।

**सिंह :** मन ही मन किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। कार्यों में अचानक अवरोध उत्पन्न होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें गुस्से से संबंध बिगड़ सकते हैं। भगावन विष्णु जी की पूजा करें।

**कन्या :** जीवनसाथी की भावनाओं पर ध्यान दें। व्यापार में अच्छे लाभ की संभावना बनी रहेगी। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

**तुला :** सावधानीपूर्वक कार्य करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। उधार के लेन-देन से बचें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** संतान के कैरियर की चिंता रहेगी। पुराने मामले सुलझने से राहत मिलेगी। इच्छित सफलता के लिए अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** अत्याधिक गुस्सा करने से बचें। मानसिक तनाव के चलते सेहत बिगड़ सकती है। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मकर :** आर्थिक लाभ होगा। पुराने समय में अटके कार्य पूरे होंगे। अधिकारी आपकी बातों से सहमत होंगे।

**कुंभ :** सुख सुविधा के सामान पर खर्च संभव है। यात्रा सुखद रहेगी। आय में बढ़ौतरी संभव है।

**मीन :** व्यापारिक सौदे में सूझ-बूझ से काम लें लाभ की उम्मीद है। वैचारिक मतभेद दूर होने से राहत मिलेगी। भावनाओं पर काबू रखें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# नारी नारायणी फाउंडेशन ने मान अस्पताल के सौजन्य से लगाया आई चेकअप कैंप

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** नारी नारायणी फाउंडेशन ने मान आंखों के अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क आई चेक अप कैंप का आयोजन किया। जिसमें 51 महिलाओं का फ्री आई चेक अप किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर गरिमा मान ने बताया कि आंखों की समय-समय पर जांच बहुत आवश्यक है तथा उन्होंने आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न टिप्स दिए जिसमें मौसमी फलों व सब्जियों का सेवन अनिवार्य है। संस्थापिका पूनम नागपाल ने बताया कि संस्था द्वारा महिलाओ के स्वास्थ्य से संबंधित कैंप समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं तथा आज हाईटेक मशीन से महिलाओं का चेकअप करने के लिए




हम मान हॉस्पिटल का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित उप प्रधान ममता चंद्राकर,कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा व संस्था के अन्य गणमान्य सदस्यों ने डॉक्टर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर नीलम कक्कड़, मोनिका ललित, हस्तना, किंशुक, ललिता,उर्मिल त्रिखा, बबली, जया, शगुन शबनम, शमा सैनी, नीलम, प्रीति आदि अनेक महिलाएं उपस्थित रही। प्रधान गुंजन गोयल ने इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# फतेहचंद महिला कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव के उपलब्ध में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस पुस्तक प्रदर्शनी में हिन्दी एवं संस्कृत की साहित्यिक, धार्मिक, भाषा विज्ञान, वेद, उपनिषद्, पुराण, रामायण, रामचरित मानस तथा प्रतिष्ठित साहित्यकारों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई। प्राचार्या अनीता सहरावत ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि पुस्तकें ही हमारी सच्ची मित्र हैं। जो हमसे कुछ लेती नहीं बल्कि हमारा भविष्य संवार कर हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# कर्म का मर्म

## अब्राहम लिंकन की कृतज्ञता

यह प्रसंग उस समय का है जब अब्राहम लिंकन का परिवार इंडियाना से इलिनॉय की ओर बढ़ रहा था। बेहद ठंडा मौसम था। रास्ते में बर्फ जमी हुई थी। अन्य सामान के साथ यह दल कुत्ते का एक बच्चा भी लाया था। एक दिन जब यह दल आगे बढ़ रहा था किसी वजह से वह डॉगी पीछे छूट गया। रास्ते में एक नदी आई। विकट ठंड के बीच उन लोगों ने जैसे-तैसे नदी पार की और उन्हें ध्यान ही नहीं रहा कि वह नन्हा कुत्ता तो नदी पार नहीं कर पाया है। वे थोड़ा ही आगे बढ़े थे कि पीछे से डॉगी के कूं-कूं करने की आवाज आई। अब जब सबने मुड़कर देखा तो पाया कि डॉगी डूबने के डर से छलांग नहीं लगा रहा। इसलिए दूसरे किनारे पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस तरह की आवाज निकाल रहा है।



सब जानते थे कि बड़ी मुश्किल से उन्होंने बर्फीली नदी को पार किया है। यदि अब लौटकर गए तो किसी न किसी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। भरे मन से सबने उस कुत्ते के बच्चे को उसके हाल पर छोड़कर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। लेकिन अब्राहम लिंकन ठहर गए। वह बोले, 'आप लोग आगे बढ़िए, मैं एक नन्हे, असहाय जीव को इस तरह तड़प कर मरने के लिए नहीं छोड़ सकता।' उन्होंने अपने जूते-मोजे उतारे और परिवार के लोग कुछ कहते, उससे पहले ही उस बर्फीली नदी में उतर गए।

वह कांपते-कांपते डॉगी के नजदीक पहुंचे। उसे जैसे ही गोद में उठाया, वह उनसे लिपट गया। अब्राहम धीरे-धीरे उसे लेकर दोबारा उस बर्फीली नदी से पार आ गए। जब उन्होंने कुत्ते को नीचे उतारा, वह उनके पैरों से लिपट गया, मानो जीवन बचाने के लिए उनका धन्यवाद कर रहा हो। जीवों के प्रति दया और कृतज्ञता का भाव अब्राहम लिंकन में जीवन भर रहा।

# तुलसी विवाह पर शहर के मंदिरों में हुए कार्यक्रम, जानें क्या है महत्व

## तुलसी स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** तुलसी का नाम सुनते ही सभी के दिमाग में एक पवित्र और धार्मिक पौधे की छवि आती है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह न केवल एक दिव्य पौधा है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए एक अमृत वृक्ष भी है। यह एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है जो भारत के संस्कृति और आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**तुलसी का आयुर्वेदिक महत्व**

तुलसी का आयुर्वेदिक ग्रंथों में महत्वपूर्ण स्थान है। इसे %मादरपत्रिका% और %भूतघ्न% के नामों से भी जाना जाता है, क्योंकि इसके उपयोग से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। तुलसी में अनेक प्रकार के गुण होते हैं, जिनमें विशेष रूप से तत्वों के अंतर्गत अंतिम संवेदक और विशेष प्रकार के पोषक तत्व शामिल होते हैं।



**तुलसी के लाभ**

तुलसी के सेवन से कई रोगों का इलाज किया जा सकता है और स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। जैसे

**मजबूत रोग प्रतिरोधक प्रणाली**

तुलसी रोग प्रतिरोधक प्रणाली को मजबूती देने में मदद कर सकती है और सामान्य बुखार, जुकाम, और सर्दी जैसी आम बीमारियों से बचाव करने में मदद कर सकती है।

**हृदय के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद**

तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो हृदय के स्वास्थ्य को सुधार सकते हैं, और यह हृदय की समस्याओं को बचाव करने में मदद कर सकती है।

**पेट के स्वास्थ्य के लिए**

तुलसी का सेवन पेट संबंधित समस्याओं, जैसे कि एसिडिटी और पेट में तेज़ाब बन ना जैसी समस्याओं के इलाज में मदद कर सकती है।

**उपचारकारक प्रणाली को मजबूत करने के लिए**

तुलसी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो आपकी उपचारकारक प्रणाली को मजबूत कर सकते हैं और छाले, कटने की चोटें, और अन्य छोटी बीमारियों के इलाज में मदद कर सकते हैं।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**

तुलसी के तेल का लाभ त्वचा के लिए होता है, और यह त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद कर सकता है।



## तुलसी के घरेलू उपयोग

**तुलसी की चाय**

तुलसी की पत्तियों से चाय बनाने के लिए, कुछ तुलसी की पत्तियों को पानी में उबालकर पियें, इससे सर्दी, जुकाम, और गले की खराश में राहत पहुँच सकती है।

**तुलसी का रस**

तुलसी की पत्तियों का रस निकालकर उसे नींबू के साथ पीने से सर्दी, जुकाम, और वायरल इन्फेक्शन से रक्षा मिल सकती है।

**तुलसी की पत्तियों का सूखा पाउडर**

तुलसी की पत्तियों को सुखाकर पाउडर बनाकर दिन में 2/3 बार गरम पानी के साथ पीने से पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाया जा सकता है ।

**तुलसी की पत्तियों का तेल**

तुलसी की पत्तियों से तेल निकालकर बालों और त्वचा के लिए उपयोग किया जा सकता है। यह त्वचा को स्वस्थ और बालों को मजबूत बनाता है। तुलसी एक आयुर्वेदिक औषधि है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसके उपयोग से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जा सकता है और स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। तुलसी को अपने दैनिक जीवन में शामिल करके सभी लोग अपने जीवन को और भी स्वस्थ और प्राकृतिक बना सकते हैं।


DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# कांग्रेस के लिए राहुल गांधी खुद पनौती, जब से राहुल गांधी कांग्रेस के मुखिया बनकर सामने आए, तब से कांग्रेस डूबती जा ही है : अनिल विज

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 23 नवम्बर :** हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ब्यानी हमला करते हुए कहा कि 'कांग्रेस के लिए राहुल गांधी खुद पनौती है और वह बौखलाकर नीचता की पराकाष्ठा पर आ गए हैं'। श्री विज गत दिवस पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की हार के बाद राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौती कहे जाने पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि यह मैच है इसमें किसी की भी जीत और किसी की भी हार हो सकती है। इसे स्पोर्ट्स स्पिरिट के साथ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद कांग्रेस के लिए पनौती है, जिस दिन से राहुल गांधी कांग्रेस के मुखिया बनकर सामने आए हैं उस दिन से कांग्रेस डूबती जा रही है। अम्बाला छावनी में आगामी 26 नवंबर को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह सम्मेलन दोपहर तीन बजे अंबाला के बीपीएस प्लेनेटोरियम में होने जा रहा है।



उन्होंने कहा कि देश के राजनीति तंत्र में केवल एक भारतीय जनता पार्टी ही एक पार्टी है बाकि तो कुनबे या गैंग हैं उनसे तो कोई संगठन बनाया नहीं जाता। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले हर रोज उछल कूद करते हैं, मगर दस साल में हमने उनका संगठन बनता नहीं देखा। भाजपा का हर स्तर तक संगठन बना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अब पन्ना प्रमुख तक संगठन बनाया जा रहा है यानि एक पन्ने में जितने मतदाता होते हैं उसका मुखिया बनाया जा रहा है। प्रदेश में पन्ना प्रमुख के लगभग 70 सम्मेलन हो चुके हैं और आगामी 26 नवंबर को अम्बाला छावनी में पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन होगा।

# स्टार प्रचारक कुलदीप बिश्नोई ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ रानीवाड़ा में किया जनसभा को संबोधित

## राजस्थान की जनता ने विकास की गारंटी वाली भाजपा सरकार को सत्ता में लाने का मन बना लिया है : कुलदीप बिश्नोई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**रानीवाड़ा, 23 नवम्बर :** राजस्थान विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम चरण में आज भारतीय जनता पाटी राजस्थान के चुनाव सह प्रभारी एवं स्टार प्रचारक कुलदीप बिश्नोई ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ रानीवाड़ा में जनसभा को संबोधित करके भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया। रानीवाडा पहुंचने पर उन्होंने गृह मंत्री जी का अभिनंदन किया और मारवाड़ क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों की एकतरफा जीत का आश्वासन दिया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि वे राजस्थान में अभी तक दो दर्जन से ज्यादा विधानसभाओं में प्रचार अभियान के दौरान लोगों के बीच पहुंचे चुके हैं और हर जगह भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल है। लोगों ने भ्रष्टाचार, अत्याचार और बलात्कार का पर्याय बन चुकी गहलोत सरकार को उखाड़कर विकास की गारंटी वाली भाजपा सरकार को सत्ता में लाने का मन बना लिया है और आने वाली 25 नवंबर को राजस्थान की महान जनता ऐतिहासिक मतदान करते हुए भाजपा को 150 से भी ज्यादा सीटें देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में जनता को



27 हजार करोड़ का खान घोटाला, 20 हजार करोड़ का बजरी घोटाला, 22-22 पेपर लीक करके बड़े घोटाला, रीट भर्ती घोटाला, आईटी घोटाला, वाईफाई घोटाला, मैनपावर घोटाला सचिवालय घोटाले समेत 3.5 हजार करोड़ के घोटाले दिए, वहीं किसानों का कर्जा मुक्त करने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार में राज्य के 19 हजार 444 किसानों की जमीनें कुर्क हुई हैं। पिछले एक साल में राज्य में 11.61 प्रतिशत मामले क्राइम के बढ़े हैं। पिछले 6 माह में गहलोत ने अपने काले कारनामों को दबाने के लिए झूठी घोषणाओं का सहारा लिया है और अब लोगों से गारंटी के झुनझुने पकड़वा रहे हैं, परंतु राजस्थान की स्वाभिमानी जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि राजस्थान की जनता इस बार साल मेंतीन दिवाली मनाएगी। एक दिवाली बीत चुकी है। एक दिवाली 3 दिसंबर को बनाएगी, जब प्रचंड बहुमत से भाजपा राजस्थान में सत्ता में आएगी और एक दिवाली 22 जनवरी 2024 को पूरे देश के साथ मनाएगी जब अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता गहलोत की झूठी गारंटी की बातों में नहीं आएगी, बल्कि मोदी जी के विकास के मॉडल को चुनेगी, जिसने धारा 370 हटाई, राम मंदिर बनाया, सर्जिकल स्ट्राईक की, देश की अर्थव्यवस्था को 11 से 5वें नंबर तक पहुंचाया, जनधन योजना, पीएम आवास योजना, मुद्रा योजना सहित देश के तिरंगे को इसरो के माध्यम से चांद तक पहुंचा दिया। इस दौरान अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया एवं भाजपा नेता उपस्थित थे।

# युवाओं के वोट बनाने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान : एडीसी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों को महिला महाविद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थाओं में अधिक से अधिक महिलाओं के वोट बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वे बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 5 जनवरी 2024 को आधार तिथि मानकर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नए वोट बनाने के साथ-साथ संबंधित बीएलओ को निर्धारित प्रारूप फॉर्म नंबर-6 में अपना दावा भरकर प्रस्तुत कर सकता है। मतदाता सूची में से नाम हटवाने के



लिए फॉर्म नंबर-7, मतदाता सूची नाम के विवरणों को शुद्ध करवाने तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अपना निवास स्थान का पता बदलवाने की सूरत में नाम दर्ज करवाने के लिए फॉर्म नंबर-8 भरकर प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं में जैंडर गैप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयु वर्ग में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों के मुकाबले काफी कम है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत इस आयु वर्ग की लड़कियों के वोट बनाने पर विशेष जोर दिया जाए। इसको लेकर महिला महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में महिलाओं के वोट बनाने हेतु विशेष अभियान चलाकर प्रेरित किया जाए। इसी प्रकार से वंचित वर्ग के लोगों को भी अपना वोट बनवाने को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। सभी मतदान केंद्रों व प्रकाशन स्थलों पर निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों द्वारा नियुक्त नामोदिष्ट अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आम जनता से दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर अभियान चलाकर इस कार्यक्रम की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को मृत व्यक्तियों एवं दूसरों राज्यों में स्थानांतरित व्यक्तियों के वोट कार्ड काटने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि वोट का स्थानांतरण तथा नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को एपीक कार्ड वितरित किए जाए। बैठक में एसीयूटी अर्पित सांगल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा, हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, हांसी के एसडीएम मोहित महराणा, बरवाला के एसडीएम विजया मलिक, नारनौंद के एसडीएम विकास यादव सहित चुनाव कार्यालय के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर वर्चुअल माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली और यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को गंभीरता से जिम्मेवारी निर्वहन करने की हिदायत भी दी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला में आने वाली तीनों एलईडी वैन का रूट प्लान भी तैयार किया जा चुका है। यात्रा का शुभारंभ 23 नवंबर से किया जाएगा। यात्रा की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए गांवों में अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि एलईडी वैन के गांव व शहरी क्षेत्र में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा और कार्यक्रम स्थल पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों का पंजीकरण करके उन्हें लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित सूचनाओं, फोटो व वीडियों को पोर्टल पर अपलोड़ करने तथा गांवों में सफल महिलाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं लोकल कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ-साथ संकल्प शपथ दिलाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को यात्रा के प्रचार-प्रसार, ऑन स्पॉट क्विज, जन-भागिदारी स्वच्छता अभियान, लाभार्थी कैंप आयोजित करने की भी हिदायत दी गई। उन्होंने जिला चिकित्सा अधिकारी को शिविर में आए नागरिकों की चिकित्सा जांच करने एवं लंबित आयुष्मान लाभार्थियों के कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। तीनों एलईडी वैनों को 24 घंटे सुरक्षा अधिकारी मुहैया करवाने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

# बोरवेल में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को सख्त हिदायत जारी

## ड्रिलिंग का कार्य करने वाले सभी लोगों के लिए पंजीकरण अनिवार्य, नियमों की उल्लंघना करने वालों पर होगी कार्यवाही

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** बोरवेल में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिले के संबंधित विभागों के अधिकारियों को खुले बोरवेल के संबंध में सख्त हिदायत जारी की है। उन्होंने कहा कि सरकारी या निजी एजेंसियों सहित ड्रिलिंग का कार्य करने वाले सभी लोगों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। इसके अलावा भूजल/पब्लिक हेल्थ/नगरपालिका/निजी ठेकेदार आदि संबंधित विभाग से ऐसे काम के लिए एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना जरूरी है। उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी/विभागों के अधिकारियों को खुले कुओं का समय-समय पर औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि बोरवेल का निर्माण करने के लिए कम से कम 15 दिन पहले लिखित में क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों, जिनमें जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/ग्राम पंचायत के सरपंच/किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी या भूजल/सार्वजनिक स्वास्थ्य/नगर निगम के संबंधित अधिकारी को सूचित अवश्य ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण के समय कांटेदार तार की बाड़ या किसी अन्य उपयुक्त अवरोध को कुएं या बोरवेल के चारों ओर लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा ड्रिलिंग एजेंसी और कुएं के मालिक के विवरण के साथ कुएं या बोरवेल के पास एक साइनबोर्ड लगाया जाना चाहिए। कुएं या बोरवेल को अच्छी तरह से ढ़कने के लिए वेल्डिंग स्टील प्लेट का प्रयोग किया जाना चाहिए या बोल्ट और नट्स के साथ आवरण पर पाइप की एक मजबूत कैप लगाई जानी चाहिए। पंप की मरम्मत के मामले में नलकूप या ट्यूबवेल को खुला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त बोरवेल निर्माण के संबंध में जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन जरूरी है। ऐसा न करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# बिजली निगम के स्थाई कर्मचारियों की दुर्घटना मृत्यु एवं विकलांगता कवर राशि बढ़ी

## 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 90 लाख रुपये हुई : अमित खत्री

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कर्मचारियों को बैंक में खाता खोलने के तहत मिलने वाले लाभों में वृद्धि की गई है। बिजली निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि एचडीएफसी बैंक ने नियमित (रेगुलर) कार्य कर रहे बिजली निगम के कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों को बढ़ा दिया है। स्थाई कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर राशि मौजूदा रुपये 50 लाख से बढ़ाकर रुपये 90 लाख की गई है। स्थायी या आंशिक विकलांगता कवर मौजूदा रुपये 50 लाख से बढ़ाकर रुपये 90 लाख की गई है। प्राकृतिक मृत्यु कवर 4 लाख रुपए है। इसी प्रकार अनुबंध आधार (कॉन्ट्रैक्ट बेस) पर कार्यरत बिजली निगम के कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर राशि 15 लाख रुपये है और प्राकृतिक मृत्यु पर एक लाख रुपए है। बिजली निगम मुख्यालय के वित्त सलाहकार नरेश मेहता ने बताया कि एचडीएफसी बैंक द्वारा बिजली निगम के कर्मचारियों को वेतन खाते खुलवाने के अनुरोध के साथ विभिन्न लाभ व सुविधाएं प्रदान करने की सूची एचडीएफसी और डीएचबीवीएन के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के तहत भेजी गई थी। अब, एचडीएफसी बैंक ने नियमित कर्मचारियों के लिए लाभ बढ़ा दिए हैं। इस प्रकार एचडीएफसी बैंक द्वारा एमओयू की धारा संख्या 15 के अनुसार लाभों में वृद्धि की गई है। सभी मौजूदा नियम और शर्तें (बीमा दावों के निपटान के लिए) मौजूदा एमओयू के अनुसार लागू रहेंगी, जिस पर 20 मार्च 2019 को हस्ताक्षर किए गए। वर्तमान एमओयू की अवधि मार्च, 2024 तक या नवीनीकरण के समय तक है। इस संबंध में बिजली निगम के मुख्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

# आंगनवाड़ी कर्मियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनाने के लिए की मीटिंग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**रोहतक, 23 नवम्बर :** आंगनवाड़ी कर्मियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनाने के लिए गत बुधवार को रोहतक बस अड्डे के सामने हुडा सिटी पार्क में सभी यूनियनों की एक संयुक्त मीटिंग बुलाई गई थी। इस मीटिंग में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की महासचिव पुष्पा दलाल, उपाध्यक्ष तारा देवी, बिंदु व कोशल्या उपस्थित रही। सीटू और उससे जुड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन ने एक दिन पहले ही इसमें आने से मना कर दिया था। बीएमएस से जुड़ी यूनियन ने आने की सहमति दी थी। लेकिन वह भी आज की मीटिंग में नहीं आई। यह मीटिंग एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी की पहल पर अन्य यूनियनों से तालमेल करके एक व्यापक आंदोलन चलाने के लिए बुलाई गई थी। यह बात अब तक स्पष्ट हो चुकी है कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में जो फैसला लिया है, उसमें प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 1500 रूपए और सहायिका के 750 रुपए मासिक बढ़ोतरी की रकम देने का कोई जिक्र तक नहीं किया। इसके अलावा वर्ष 2018 में हुए समझौते के अनुसार कुशल श्रमिक का दर्जा और महंगाई भत्ते को देने की सहमति बनी थी, उससे भी सरकार किनारा कर रही है। गत वर्ष 118 दिन चले आंदोलन में 12 मार्च को जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी उनमें से भी अधिकतर लागू नहीं किए गए हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों का किराया सालों से बकाया पड़ा है और हद तो इस बात में हो रही है कि बच्चों व महिला लाभार्थियों के पोषाहार बनाने के लिए रसोई गैस के सिलेंडर के पैसे सरकार लंबे समय से नहीं दे रही है। गरीब परिवारों से आई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने पास से भरवाना पड़ता है। यूसी और ड्रेस के पैसे भी लंबे समय से पड़े हुए हैं। एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने बताया कि हम अपने स्तर पर पूरे देश में आन्दोलन चलाने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में, स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आंगनवाड़ी, आशा व मिड-डे-मील तीनों स्कीमों का एक दिन का साझा धरना 11 दिसम्बर को दिल्ली जन्तर मन्तर पर आयोजित किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।

# विद्यार्थियों को कनाडा के लिए नए नए कौशल के साथ उच्च अनुभव जरूरी : के. वी. राठी

## उचित प्रबंधन की जीवन को देता है सही दिशा : प्रोफेसर ढींडसा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 23 नवम्बर :** जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ में स्थित जेसीडी इंस्टीट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट में 'एमबीए के बाद जीवन' पर एक विशेषज्ञ का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम में एडवाइजरी बोर्ड इंडो कनाडा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्य डॉ. के वी राठी मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे जिसमें बीबीए और एमबीए के सभी छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने भी शिरकत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. हरलीन कौर द्वारा की गई।

डॉक्टर ढींडसा ने कहा कि समय-समय पर विशेषज्ञों को बुलाकर विद्यार्थियों को उनसे रूबरू करवाना





व विद्यार्थियों का उनसे सवाल करना अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि एक संतुष्ट व्यक्ति ही जीवन में खुश रह सकता है और दूसरों को खुशी बांट सकता है एवं निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर रहता है और उचित प्रबंधन की जीवन को सही दिशा देता है

उन्होंने मुख्य वक्ता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कर्मवीर राठी कनाडा-भारत व्यापार संबंधों पर एक अग्रणी प्राधिकारी हैं, कनाडा-भारत व्यापार गलियारे में एक प्रमुख और सफल सलाहकार हैं। उनकी कंसल्टेंसी, राठी एंड एसोसिएट्स, भारतीय कंपनियों को कनाडा में और कनाडाई कंपनियों को भारत में व्यापार करने में सहायता करती है। के वी राठी नई दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक, हरियाणा में जन्मे पूर्व वरिष्ठ सिविल सेवक, जो दिल्ली के नगर आयुक्त और साठ के दशक के अंत में दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे दिवंगत के.एल. राठी के बेटे हैं। के वी (काम) राठी ने कनाडा की अग्रणी कानून फर्मों में से एक, ब्लेक, कैसल्स और ग्रेडन, एलएलपी के लिए भारत में विशेष सलाहकार के रूप में काम किया है। कनाडा जाने से पहले, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय (1969) में कानून की पढ़ाई की, दिल्ली बार काउंसिल (1970) में भर्ती हुए और 1984 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के बार में भर्ती हुए। वर्तमान में वह राठी एंड एसोसिएट्स, कंसल्टेंट्स इंटरनेशनल के अध्यक्ष और सीईओ भी हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. के वी राठी ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों से कहा आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, सफलता सिर्फ यह नहीं है कि आप क्या जानते हैं, बल्कि यह है कि आप कितनी जल्दी अनुकूलन कर सकते हैं और सीख सकते हैं।जैसे-जैसे उद्योग तेजी से विकसित होते हैं, परिवर्तन को अपनाने और रचनात्मक समाधान उत्पन्न करने की क्षमता सर्वोपरि हो जाती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ज्ञान की खोज एमबीए के साथ समाप्त नहीं होनी चाहिए बल्कि एक सतत यात्रा होनी चाहिए। स्नातकों से उद्योग के रुझानों के बारे में सूचित रहने, पेशेवर विकास में निवेश करने और अपने करियर में आगे रहने के लिए नए कौशल हासिल करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि कनाडा में नौकरी के अवसर प्राप्त करने के लिए इंग्लिश के साथ साथ फ्रेंच लैंग्वेज में महारत हासिल करनी चाहिए और आप जिस भी क्षेत्र में जाना चाहते हो, आपको उस क्षेत्र में उच्च अनुभव प्राप्त होना चाहिए। जेसीडी विद्यापीठ के जन संपर्क अधिकारी डॉक्टर जय प्रकाश ने उन्हें जेसीडी विद्यापीठ के सभी कॉलेजेस का दौरा भी करवाया। इस दौरान मेमोरियल कॉलेज में भी प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल ने हरा पौधा देकर उनका स्वागत किया । इस दौरान विद्यार्थियों के साथ इंटरैक्शन करते हुए उन्होंने कहा कि हमें सफलता के लिए जीवन में दो सिद्धांतों पर हमेशा अमल करना चाहिए। पहला हमें नसीब में जो मिला है उसको साहस पूर्वक ग्रहण करना चाहिए और दूसरा हमें मिले हुए अवसर को स्वीकार कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने जेसीडी विद्यापीठ के अनुशासन और साफ सफाई के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### डिप्टी स्पीकर ने गांव सीसवाला में ग्रामीणों से की मुलाकात

## आपराधिक घटनाओं पर पुलिस के उच्च अधिकारियों को सख्त एक्शन लेने के दिए निर्देश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने बुधवार को गांव सीसवाला का दौरा किया और वहां ग्रामवासियों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवारों से चोरी होने की घटनाओं की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को सख्त एक्शन लेते हुए सभी दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने की हिदायत दी। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि इस मामले को लेकर उनकी पुलिस के उच्च अधिकारियों से बातचीत हो चुकी है। इस मामले की जांच करने के लिए एक स्पेशल टीम भी गठित की जाएगी। उन्होंने बालसमंद पुलिस ईंचार्ज को मामले की पूरी जांच करने और चोरी में संलिप्त पाए जाने वाले दोषियों को शीघ्र पकड़ने की हिदायत दी। गौरतलब है कि मंगलवार रात चोरों ने सीसवाला गांव के बाहर फिरनी पर बसे सात घरों को निशाना बनाया था। डिप्टी स्पीकर ने ग्रामीणों से कहा कि बढ़ती सर्दी के मौसम के दृष्टिगत चोर गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए नागरिक रात को सोते समय सचेत रहें और किसी प्रकार की घटना होने पर शीघ्र पुलिस को सूचित करें।

## जिले में खाद की कमी नहीं : राजबीर सिंह

### खाद के साथ नैनो यूरिया व अन्य सामान जबरदस्ती देने वाली फर्म का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** जिले में माह अक्टूबर से अब तक 12286.50 मैट्रिक टन डीएपी व 23151.56 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता हो चुकी हैं। इसके अलावा ईफको यूरिया के 52 हजार बैग व 14 हजार बैग डीएपी 23 नवंबर तक तथा यूरिया का रैक 24 नवंबर तक आना है। यह जानकारी देते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि जिले में खाद की किसी भी प्रकार की कमी नहीं हैं। इसके अतिरिक्त जो खाद विक्रेता खाद के साथ नैनो यूरिया व अन्य मैट्रिरियल जबरदस्ती देता है, तो उस फर्म का खाद लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। इससे पहले भी जिले में तीन फर्म का खाद का लाइसेंस निलंबित भी कर दिये गए हैं व एक खाद विक्रेता का खाद लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी चल रही हैं।

## लुवास प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** पशुजन्य उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 29 नवंबर से 8 दिसंबर तक लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में प्रदेश के अनुसूचित जाति के युवक एवं युवतियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु मांस उत्पादों के विभिन्न पहलुओं के अलावा उनको बनाने की आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में 25 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण निःशुल्क रहेगा। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपना आवेदन पत्र 28 नवंबर तक निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा करवा सकता है।

## भूमि आश्रम में कल धूमधाम से मनाया जाएगा श्याम जन्मोत्सव




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** भूमि आश्रम, नई अनाज मंडी में बाबा श्याम का जन्मोत्सव 23 नवम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। आश्रम के सेवादार मुकेश कुमार ने बताया कि भूमि आश्रम में रह रहे बुजुर्ग व मंदबुद्धि लोगों के साथ कल दोपहर बाद 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अनेक भजन गायकार श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। आश्रम संचालकों ने शहर वासियों से अनुरोध किया है कि आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ केक काटने, मिठाईयां व फल आदि बांटने व श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर झूमने के लिये आश्रम में अवश्य दर्शन दें व बुजुर्गों का आशीर्वाद लें।






# हाई कोर्ट की निगरानी में हो मिलर्स की फिजिकल वेरिफिकेशन : कुमारी सैलजा

### जिसने भी डकारा चावल, सभी के खिलाफ हो कार्रवाई 2014 से 2021 के बीच 200 करोड़ का चावल कर चुके हजम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 23 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि 23.57 करोड़ का चावल जमा नहीं कराने पर 04 मिलर्स की प्रॉपर्टी अटैच करना सिर्फ दिखावा है। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की नाक के तले अफसर व राइस मिलर्स हर साल करोड़ों रुपये के चावल घोटाले को अंजाम देते आ रहे हैं। साल 2014 में भाजपा की सरकार बनने से साल 2021 तक ही 200 करोड़ का चावल घोटाला सामने आ चुका था। इसलिए तमाम मिलर्स की फिजिकल वेरिफिकेशन हाई कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि करनाल जिले के 04 मिलर्स के खिलाफ दिखावा मात्र के लिए कार्रवाई की जा रही है। इन्होंने धान खरीद का एक साल बीतने के बाद भी 23.57 करोड़ रुपये का चावल वापस सरकार को जमा नहीं करवाया। जबकि, नियमों को ताक पर रखते हुए सरकार के दबाव में ही अफसर भी बार-बार इसे जमा कराने का समय बढ़ाने का खेल खेलते रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से साल 2021 के बीच 200 करोड़ रुपये का चावल मिलर्स जमा कराने में विफल रहे। यह चावल भी अफसरों व मिलर्स की मिलीभगत और सरकार में बैठे लोगों के आशीर्वाद के चलते घोटाले की भेंट चढ़ गया। सरकार ने सिर्फ एफआईआर दर्ज करने की खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं किया। इस साल इसी पैटर्न पर 23 करोड़ से अधिक के घोटाले को अंजाम दे दिया गया। कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले दिनों विभिन्न योजनाओं के तहत आंगनबाड़ी, स्कूल आदि में बांटे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल के 111 सैंपल फेल हो गए थे। एक भी सैंपल निर्धारित मानक पर खरा नहीं पाया गया। सैंपल की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस चावल को फोर्टिफाइड किया ही नहीं गया। जबकि, प्रदेश के बच्चों व महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए इस चावल को भारत सरकार के निर्देश पर फोटिफाइड करना होता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल का मतलब पोषणयुक्त चावल होता है। इसमें आम चावल की तुलना में आयरन विटामिन बी-12, फॉलिक एसिड की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा जिंक, विटामिन ए, बी डालकर भी फोर्टिफाइड चावल तैयार किया जाता है। इससे भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि राइस मिलर व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से किए गए इस घोटाले को सरकार में बैठे लोगों ने ही दबा दिया, ताकि उनकी खुद की भूमिका उजागर न हो जाए। प्रदेश में 2014 से अब तक के तमाम चावल घोटालों की जांच हाई कोर्ट से कराई जानी चाहिए।

# हरियाणा पुलिस तथा भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नकली नोटों की पहचान तथा नियंत्रण को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह ने की शिरकत, नकली नोट पहचानने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर डाला प्रकाश

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 23 नवम्बर :** हरियाणा पुलिस तथा भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आज हरियाणा 112 के ऑडिटोरियम में 'नकली नोटों की पहचान तथा इसके प्रचलन पर समग्र नियंत्रण' को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर श्री ओपी सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए नकली नोट पहचानने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के बारे में अवगत करवाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आरबीआई के रीजनल डायरेक्टर विवेक श्रीवास्तव ने की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों सहित प्रदेश के (आईओ)अनुसंधान अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर ओ पी सिंह ने कहा कि नकली नोट पहचानने में मानव त्रुटि (ह्यूमन एरर) की संभावना अपेक्षाकृत अधिक होती है ऐसे में जरूरी है कि इनकी सॉफ्टवेयर बेस्ड मशीन के माध्यम से पहचान की जाए। इस दौरान उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उन्होंने अलग-अलग देशों में नकली नोट पहचानने संबंधी तकनीको तथा अत्याधुनिक उपकरणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि नकली नोटो की पहचान तथा इसके प्रचलन को नियंत्रित करने के लिए जरूरी है कि सभी इसे लेकर समन्वित प्रयास करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर अपराध रोकने संबंधी चुनौतियों से निपटने के बारे में भी अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जिसमें तकनीक का इस्तेमाल करते हुए लोगों के साथ रूपयों की ऑनलाइन माध्यम से ठगी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बैंक तथा पुलिस विभाग इस दिशा में एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए साइबर अपराध संबंधी मामलों को कम कर सकते है। उन्होंने बैंककर्मियों से कहा कि लोगों की मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखना हमारी सांझी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने साइबर अपराध रोकने को लेकर पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे अपने ग्राहकों के बैंक खातों में साइबर फ्रॉड रोकने के लिए सुरक्षा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं। इस मौके पर उन्होंने बैंककर्मियों से आरबीआई द्वारा जारी दिशा निर्देशो का गंभीरता से पालन करने का भी आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरबीआई के रीजनल डायरेक्टर विवेक श्रीवास्तव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नकली नोटों के प्रचलन को कम करने के लिए एक बेहतर कार्य योजना के तहत काम किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि लोगों में भी इस बारे में जागरूकता हो। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरबीआई द्वारा नकली नोटों के प्रचलन को रोकने को लेकर किए जा रहे कार्यों के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नकली नोटों के प्रचलन को नियंत्रित किया जाए और मार्केट में वैध नोट ही रहे। उन्होंने बैंककर्मियों से कहा कि यदि उनके बैंक में कोई नकली नोट आता है तो उसे ग्राहक को वापस न करें बल्कि इसकी रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने इस कार्य में ला एनफोर्समेंट की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरबीआई से विषय विशेषज्ञ मुनीष खन्ना ने भी अपने विचार रखे। उन्होने कहा कि नकली नोट हमारे देश की अर्थव्यवस्था तथा समाज दोनो पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इससे व्यापार, वाणिज्य तथा समग्र आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तावना रखी गई कि नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हरियाणा पुलिस के प्रशिक्षण केन्द्र हरियाणा पुलिस अकादमी करनाल ,प्रशिक्षण केन्द्र सुनारिया, रोहतक तथा पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र भौंडसी में जांच अधिकारियों के लिए नियमित रूप से आरबीआई के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएं। प्रस्तावना को स्वीकार करते हुए क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रस्ताव प्राप्त होने उपरांत आरबीआई द्वारा विशेषज्ञ उपलब्ध करवाए जाएंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आरबीआई की टीम ने हरियाणा 112 में साइबर हैल्पलाइन 1930 के कार्यालय का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा पुलिस द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। एसपी साइबर अमित दहिया ने आरबीआई के पदाधिकारियों तथा बैंक के अधिकारियों को हेल्पलाइन नंबर पर तैनात कर्मियों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान आरबीआई के पदाधिकारियों ने हरियाणा पुलिस के सुझाव आमंत्रित किए कि वे किस प्रकार बैंकिंग सिस्टम में सुधार करके साइबर फ्रॉड से अपने ग्राहकों को बचा सकते हैं।

इस अवसर पर आरबीआई के महाप्रबंधक पंकज सेतिया, आरबीआई से विषय विशेषज्ञ मुनीष खन्ना, आरबीआई से रितेश विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बढ़ते हुए तलाक कर रहे सामाजिक ताने-बाने ख़ाक

-पाठकपक्ष डेस्क-



**पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। जैसे भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है।**


-प्रियंका 'सौरभ'

भारत में, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, उच्च तलाक दरों की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक और शैक्षणिक रुचि का विषय बन गई है। तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों से हटकर, सामाजिक ताने-बाने में बदलाव का संकेत दे रहा है इसलिए इसके कारणों की गहन जांच की आवश्यकता है। शहरों में संयुक्त से एकल परिवारों में परिवर्तन के कारण विस्तारित परिवारों की संख्या कम हो गई है। हाल के वर्षों में, भारत में तलाक के मामलों में उल्लेखनीय और तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो सामाजिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक मानदंडों में उल्लेखनीय बदलाव को दर्शाता है। परंपरागत रूप से, भारत पारिवारिक मूल्यों और विवाह की पवित्रता पर ज़ोर देने के लिए जाना जाता है। हालाँकि, कई कारकों ने बदलती गतिशीलता में योगदान दिया है, जिससे देश भर में तलाक की दर में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पारिवारिक संरचनाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है। समाजशास्त्रीय अध्ययनों ने शहरी भारतीय परिवारों में बढ़ते व्यक्तिवाद पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है।

पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव, वैश्वीकरण और मीडिया की पहुँच ने शहरी भारतीयों को विवाह और तलाक पर विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित कराया है। गौरतलब है कि पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है।

सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स ने शहरी भारत में संबंधों की गतिशीलता को बदल दिया है। सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से पति-पत्नी के बीच विश्वास संबंधी समस्याएं, ईर्ष्या और गलतफहमियां पैदा हो रही हैं। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जिस तेजी से लोगों के बीच अंतरंगता बढ़ी है। उसी तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म विवाह विच्छेद और तलाक की वजह भी बन रहे हैं। स्थिति यह है कि महानगरों में डिवोर्स के हर 10 प्रकरण में से 4 की वजह सोशल मीडिया के कारण पति-पत्नी की अन्य लोगों से बढ़ी अंतरंगता और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं। पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो सकती हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन सकती हैं। जनम-जनम के रिश्तों में दूरियां और कड़वाहट पैदा कर रहा सोशल मीडिया, रोक-टोक मियां और बीवी को मंजूर नहीं है। उच्च तनाव वाली शहरी जीवनशैली ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान दिया है, जिससे वैवाहिक स्थिरता पूर्ण जीवन प्रभावित हुआ है। इंडियन साइकाइट्री सोसाइटी सहित अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में पहले की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पारिवारिक गतिशीलता को प्रभावित कर रही है।

पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो रही हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन रही हैं। शराब जैसे मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या घरेलू हिंसा और विवाहों में अस्थिरता को जन्म दे रही है। कैरियर की अलग-अलग आकांक्षाएं और नौकरी में स्थानांतरण भागीदारों के बीच शारीरिक दूरी पैदा कर सकता है, जिससे रिश्ते में तनाव पैदा हो रहा है। अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे किसी व्यक्ति की स्वस्थ विवाह को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर रहें हैं। विवाह के भीतर पारंपरिक लिंग भूमिकाएं और अपेक्षाएं असमानता और असंतोष का कारण बन रही हैं, खासकर जब एक साथी विशिष्ट जिम्मेदारियों से अधूरा या बोझ महसूस करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के फलस्वरूप शहरों में अधिकांश महिलाएं करियर बना रही हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और विवाह के पश्चात असंतोषजनक जीवन से बाहर निकलने की प्रेरणा मिल रही है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और शहरीकरण ने पारंपरिक पारिवारिक संरचना को बदल दिया है। जैसे-जैसे लोग बेहतर अवसरों के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं, उन्हें आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बिठाने में अक्सर नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे विवाह में तनाव आ सकता है। आर्थिक दबाव, नौकरी का तनाव और कार्य-जीवन संतुलन की कमी के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं।

भारत के महानगरीय क्षेत्रों में तलाक की दरों में वृद्धि सांस्कृतिक, आर्थिक और कानूनी कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया को प्रदर्शित करती है। यह भारतीय समाज में एक संक्रमणकालीन चरण को दर्शाता है जहां व्यक्तिगत आकांक्षाओं को तेजी से मान्यता दी जा रही है। यह प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों को चुनौती देते हुए, सामाजिक विकास और समकालीन मूल्यों और व्यक्तिगत कल्याण के साथ विवाह के बेहतर तालमेल के रास्ते भी खोलती है। इस मुद्दे के लिए एक सूक्ष्म समझ और सहायक नीति ढांचे की आवश्यकता है जो आधुनिक रिश्तों की बदलती गतिशीलता को पूरा करे। भारत में तलाक के मामलों में भारी वृद्धि को सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बदलते दृष्टिकोण, कानूनी सुधार और सामाजिक कलंक में कमी के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैवाहिक संबंधों की गतिशीलता में और अधिक बदलाव आने की संभावना है। जोड़ों को उनके मुद्दों का समाधान करने और जब भी संभव हो तलाक के विकल्प तलाशने में मदद करने के लिए सहायता प्रणाली और परामर्श सेवाएं प्रदान करना समाज के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, अंतर्निहित सांस्कृतिक मानदंडों को संबोधित करने और लैंगिक समानता में सुधार करने के प्रयास भविष्य में स्वस्थ और अधिक टिकाऊ विवाहों में योगदान दे सकते हैं।

# मंदिर बागड़ियान, पड़ाव से धूमधाम से निकली निशान और रथ-यात्रा

## भक्तों द्वारा पूरे रास्ते रथ को हाथों से खींचना रहा विशेष आकर्षण





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** मंदिर बागडिय़ान ट्रस्ट, पड़ाव चौक की ओर से 71वें श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज सायं रथ यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा की विशेषता श्रीश्याम बाबा नये रथ व नये सिंहासन पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले और पूरे रास्ते रथ को भक्तों द्वारा अपने हाथों से खींचा गया।

रथ यात्रा के साथ 251 श्रद्धालु निशान उठाये हुए भी शामिल हुए। नगर के हजारों लोगों ने कोलकत्ता से आये कारीगरों द्वारा श्याम बाबा के किये गये श्रृंगार के दर्शन किये। इस अवसर पर 28 सवा मणि चूरमे की, एक सवामणि बर्फी की, एक सवामणि ड्राईफ्रूट, 201 किलो फल, 251 पान आदि का श्याम बाबा को भोग लगाया गया। शोभा यात्रा में भजन गायकों डॉ. मोहन तनेजा, संजय सिंगल, सुमित मित्तल आदि ने रास्ते भर श्याम बाबा का गुणगान किया। शोभा यात्रा का विभिन्न बाजारों में जोरदार स्वागत किया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान हनुमान प्रसाद ने बताया कि शोभा यात्रा के अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में उद्योगपति जगदीश जिंदल उपस्थित हुए। अध्यक्षता पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा नेता तरुण जैन उपस्थित हुए। आरती पूजन मंदिर ट्रस्ट के सरपरस्त श्यामलाल, मंदिर प्रधान हनुमान प्रसाद कंसल, सचिव हरीश कुमार गर्ग ने किया। समाजसेवी दीपक मित्तल, राकेश जैन, संजय जैन सेक्टर 14, पार्षद अनिल जैन टीनू, पार्षद जगमोहन मित्तल, प्रवीन केडिय़ा, सुशील शर्मा, जितेन्द्र श्योराण, राधेश्याम अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, नरेश बंसल विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्यामलाल अग्रवाल, हनुमान प्रसाद कंसल, हरीश कुमार गर्ग, पवन कुमार गर्ग, मनोज कुमारबागड़ी, राहुल अग्रवाल, प्रेम कुमार खेड़ा वाले मोहित गोयल, प्रशांतबंसल, आलोक जैन, मनोज गोयल, पवन गोयल, संजय सिंगला, विपिन जैन, विजय कुमार आदि ने अतिथियों को पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

प्रधान हनुमान प्रसाद ने बताया कि 23 नवम्बर को श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर सायं 6 बजे मंदिर प्रांगण में संकीर्तन किया जाएगा जिसमें भजन गायक लविश चुघ, गंगानगर वाले श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

# मंडल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 955 मामले दर्ज कर, 1635 गिरफ्तार किए : जाधव

हिसार । श्री श्रीकांत जाधव अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिसार मंडल ने आज कार्यालय मे हिसार मंडल पुलिस द्वारा ड्रग तस्करी का नेटवर्क तोडने के लिये मंडल पुलिस द्वारा किया जा रहे कार्यो की समीक्षा की । उन्होने बतलाया कि हिसार मंडल मे ड्रग की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं । ड्रग तस्करी का नेटवर्क तोड़कर उनके खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है । इस दिशा मे कार्रवाई करते हुए हिसार मंडल पुलिस ने चालू वर्ष यानी 31 अक्तूबर 2023 तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 955 मामले दर्ज किए गए तथा 1635 लोगों को ड्रग तस्करी के जुर्म मे गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी देते हुए हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने बताया कि हिसार मंडल में एनडीपीएस एक्ट के तहत इस वर्ष 31 अक्टूबर तक हिसार मंडल के जिलों मे क्रमश हिसार मे 140, हांसी में 53, जींद में 87, सिरसा में 237, डबवाली में 248 व जिला फतेहाबाद में 190 मामले दर्ज किए गए । उक्त मुकदमो में हिसार जिले में 236 अभियुक्तों, हांसी में 88, जींद में 148, सिरसा में 402, डबवाली में 408 व फतेहाबाद में 353 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान



मंडल पुलिस द्वारा लगभग 116 किलोग्राम अफीम, 6004 किलोग्राम डोडा पोस्त, 30 किलोग्राम चरस, 443 किलोग्राम गांजा, 42 ग्राम स्मैक व 9 किलो 344 ग्राम हैरोईन बरामद की गई ।एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने बताया कि हिसार पुलिस द्वारा लगभग 37 किलोग्राम अफीम, 224 किलोग्राम डोडा पोस्त, 12 किलोग्राम चरस, 78.5 किलोग्राम गांजा और 2179 ग्राम हैरोईन बरामद की गई । हांसी पुलिस द्वारा लगभग चार किलोग्राम अफीम, 102 किलोग्राम डोडा पोस्त, आठ किलोग्राम चरस, 113.5 किलोग्राम गांजा और 15 ग्राम स्मैक व 284 ग्राम हैरोईन बरामद की गई । जींद पुलिस द्वारा लगभग 16.5 किलोग्राम अफीम, 1169 किलोग्राम डोडा पोस्त, लगभग सात किलोग्राम चरस, 160 किलोग्राम गांजा, 19 ग्राम स्मैक और 390 ग्राम हैरोईन बरामद की गई । सिरसा पुलिस द्वारा लगभग 27.5 किलोग्राम अफीम, 1252 किलोग्राम डोडा पोस्त, 10.5 किलोग्राम गांजा, छः ग्राम स्मैक और 3180 ग्राम हैरोईन बरामद की गई पुलिस जिला डबवाली द्वारा लगभग 16 किलोग्राम अफीम, 1098 किलोग्राम डोडा पोस्त, 31 किलोग्राम गांजा, दो ग्राम स्मैक और 1844 ग्राम हैरोईन बरामद की गई । फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगभग 14 किलोग्राम अफीम, 2159 किलोग्राम डोडा पोस्त, तीन किलोग्राम चरस, 49.5 किलोग्राम गांजा और 1467 ग्राम हैरोईन बरामद की गई । हिसार मंडल पुलिस कार्यालय द्वारा मंडल के प्रत्येक जिले में पुलिस टीमों का गठन किया गया है जिनके द्वारा मंडल के सभी जिलों में हमारी युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है । ताकि युवा पिढी ड्रग की तरफ ना जाये, युवा अपने व अपने परिवार को इस बीमारी से दूर रखने का कार्य करे । इस दिशा मे जागरूकता लाने के लिए पुलिस टीमों द्वारा अब तक लाखों युवाओं से संवाद कर उन्हें इस समस्या बारे जागरूक किया है व उन्हें आजीवन ड्रग से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई है । समीक्षा उपरांत एडीजीपी ने मंडल के सभी पुलिस अधीक्षकों को इस दिशा मे गति बनाये रखने व समय-समय पर समीक्षा करने के भी निर्देश दिये है ।

# राजस्थान कांग्रेस की गारंटी का मतलब अडानी बाहर जनता अन्दर : हनुमान वर्मा

## सरकार का पैसा सीधा जनता के पास , गरीबों को न्याय , जनता की प्रगति



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** राजस्थान कांग्रेस गारंटी का मतलब है अडानी बाहर जनता अन्दरे । किसी बिचोलिए की कोई आवश्यकता नहीं है । जनता का पैसा जनता के पास । ये बात कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हनुमान वर्मा ने प्रेस में जारी विज्ञप्ति में कहीं । वर्मा ने कहा गरीबों का पैसा सीधा जनता के पास जाएगा । 500 का गैस सिलेंडर अडानी को एक रुपया नहीं । महिलाओं को 10000 /- प्रतिवर्ष अडानी को एक रुपया नहीं । मरीजों को 50 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज । सरकारी अफसरों को ह्क्क गारंटी । बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा मुफ्त । छात्रों को लैपटॉप टैबलेट फ्री । इन में अडानी को एक रुपया नहीं । यह है कांग्रेस की गारंटी । वर्मा ने कहा कि गरीबों को न्याय मिलने और रोजगार की गारंटी से ही जनता प्रगति कर सकती है । ये काम कांग्रेस ने पहले भी किया और आगे भी करेगी । कांग्रेस ने हमेशा गरीब ,लाचार , कर्मचारी, व्यापारी के हित के काम किए और भारतीय जनता पार्टी ने सिर्फ एक अडानी के हित को सर्वोपरि रखा है । ये अन्तर है कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी में । वर्मा ने कहा कि राजस्थान की जनता कांग्रेस के सुशासन पर मोहर लगा कर पुनः कांग्रेस का राज राजस्थान में लाएगी । क्यो कि कांग्रेस की गारंटी आम जनता के लिए है । भाजपा वालो की बौखलाहट इस बात की परिचायक है कि राजस्थान में कांग्रेस दोबारा से सरकार बना रही है । भाजपा वालों का ये कहना कि कांग्रेस ने भाजपा के घोषणापत्र की कापी इस बात का परिचायक है । कांग्रेस ने कभी किसी के घोषणापत्र की कापी नहीं की । कांग्रेस का घोषणा पत्र मात्र घोषणा पत्र नहीं होता । कांग्रेस का घोषणापत्र कांग्रेस की गारंटी होती है। जो सत्ता में आने पर लागू किया जाता है । ना की भाजपा की तरह उस घोषणा पत्र को सत्ता में आते ही कुडे के ढेर का हिस्सा बना दिया जाए । कांग्रेस काम करने में विश्वास करती है भाजपा जुमलेबाजी में विश्वास करती है । वर्मा ने कहा कि भाजपा वालों थोड़ी बहुत तो शर्म करो ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि विरोधी पार्टी के प्रधानमंत्री ने एक राज्य के विरोधी पार्टी के मुख्यमंत्री को इलेक्शन के दौरान सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री की योजनाओं को अच्छा मानते हुए चालू रखने की बात कही है मेनिफेस्टो चोरी तो यह है । कांग्रेस पार्टी कभी आपका मेनिफेस्टो चोरी नहीं करेगी । क्योंकि आपने तो सिलेंडर 1130/- रुपए का पेट्रोल ₹110 डीजल 102 रुपए कर दिया है । बेरोजगारी की इन्तहा हो गई है । इसलिए कांग्रेस पार्टी कभी भी आपका मेनिफेस्टो चोरी नहीं करेगी । कांग्रेस पार्टी की मैनीफेस्टो में सिलेंडर अपने मूल मूल्य 2013 के 450 रुपए , पेट्रोल भी मूल मूल्य और मनरेगा जैसी रोजगार उत्पन्न करने वाली योजनाएं होती है । वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में जो घोषणा कर रही है । हम उन भाजपा के नेताओं से अपील करता है कि भाजपा पहले उनको राष्ट्रीय स्तर पर और जहां-जहां भाजपा की सरकार है , उन राज्यों में लागू करें । फिर उनको छत्तीसगढ़ और राजस्थान, एमपी में लागू करने के लिए घोषणा पत्र में डालें । और एक स्वस्थ नैतिकता का परिचय दें । यह कहां की नैतिकता है जहां आपकी सरकार में वहां तो आप लागू नहीं कर रहे । और जहां आपकी सरकार नहीं है वहां आप कांग्रेस पार्टी की चुराई हुई स्कीमों को लागू करने की घोषणा कर रहे हो । यह तो नैतिक पतन की हद हो गई ।

# तलवंडी राणा व आसपास के गांवों के लिए राहत राणा डिस्ट्रीब्यूटरी पर पुल बनाने का काम शुरू

## केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ के प्रयास रंग लाये



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** लंबे समय से निकटतम रास्ते के माध्यम से हिसार से जोड़ने की मांग कर रहे तलवंडी राणा व आस-पास के गांवों के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ की अगुवाई में ग्रामीणों द्वारा तैयार करवाए गए अस्थाई रास्ते के माध्यम से हिसार शहर व गांव को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए राणा डिस्ट्रीब्यूटरी नहर पर 27 फुट चौड़ा पुल बनने का कार्य मंगलवार रात से आरंभ हो गया है। पांच दिसम्बर से इस पूल पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही हो सकेगी। इस अस्थाई रास्ते पर पुल बनने से तलवंडी राणा गांव की दूरी वाया रोड 22 किलोमीटर से घट कर महज नौ किलोमीटर ही रह जाएगी। इसी प्रकार इस मार्ग से क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक से अधिक गांवों के लोगों को भी इस पुल के निर्माण से काफी राहत मिलेगी। ध्यान हो कि इससे पहले तलवंडी राणा के ग्रामीणों ने पिछले दिनों केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ की अगुवाई में ही 16 फूट कच्चा व अस्थाई नाला डी.सी.एम. नाले के साथ तैयार कर लिया था। इसके बावजूद भी डी.सी.एम. नाले से लेकर गांव तलवंडी राणा गांव के मध्य में यह बहने वाली राणा डिस्ट्रीब्यूटरी इसमें सबसे बड़ी बाधा साबित हो रही थी। तब मामले में केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से लेकर स्वयं मुख्यमंत्री के सामने इस रास्ते पर पुल बनवाने की मांग की थी। यह पूल बनने के बाद गांवों से दूध, सब्जी एवं दूसरे प्रकार के आवश्यक सामान की आपूर्ति कम लागत व कम समय में हो सकेगी। इससे पहले अस्थाई या स्थाई रास्ता न मिलने से उनकी तलवंडी राणा एवं साथ लगते गांवों की शहर से दूरी बहुत अधिक बढ़ गई थी, वहीं उन्हें बाया धांसू-मिर्जापुर होते हुए हिसार आने से दो रेलवे फाटकों की दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा था। ध्यान हो कि हिसार एयरपोर्ट के विस्तार के कारण तलवंडी राणा सहित क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों का सीधा संपर्क जिला मुख्यालय से लंबे समय से टूटा हुआ था। तब ग्रामीणों ने स्वयं के तौर पर अस्थाई रास्ता तो बनाया था, मगर नहर की बाधा होने के कारण बड़े वाहन चालकों को परेशानी होती थी।

**महज तीन दिन में पास हुआ पूल**

आमतौर पर सरकारी कार्य जहां लंबे समय तक फाईलों में लटका रहता है, वहीं निदेशक नरेश सेलपाड़ इस पूल की फाइल की पैरवी हिसार से लेकर चंडीगढ़ व पंचकूला तक लगातार करते रहे। इस फाइल की लगातार पैरवी करते रहे। रिकार्ड तीन दिनों में ही इस पूल का नक्शा व डिजाईन पास हो गया। इस नहर पर स्वीकृत व पास हुए पुलों से पहले यह पुल तैयार हो जाएगा। बड़ी बात यह है कि यह पुल दूसरे पुलों से अधिक चौड़ा भी है। आमतौर पर जहां 20-20 फूट चौड़े पूल बने हैं, वहीं यह पूल रिकार्ड 27 फुट चौड़ा होगा। जिसमें दो वाहन आसानी से क्रॉस कर सकेंगे।

# अश्विनी ने बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी के छात्र अश्विनी ने सीबीएसई के तत्वाधान में महेंद्रगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 के अंतर्गत 17 आयु वर्ग के 75 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया है। इस चैंपियनशिप में कुल 28 राज्यों और 6 अन्य देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने इस अवसर पर रजत पदक विजेता अश्विनी को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ अश्विनी ने ना ही सिर्फ अपने परिश्रम और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है, बल्कि हमारे विद्यालय को भी गौर्वान्वित किया है।

# सीएमसी हिसार में लगाया फ्री गुर्दा रोग शिविर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** सीएमसी अस्पताल में गुर्दा व पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश छिम्पा ने तीन दिवसीय निशुल्क शिविर लगाया। शिविर में विभिन्न टेस्टों पर विशेष छूट दी गई और आप्रेशन रियायती दरों पर किए गए।





डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000


**Name Change**

I, Simran D/o Sanjeev Bajaj R/o R/o H. No. 77/11B, Near Shivaji Park, Shanti Nagar, Hisar, Haryana declare that I have changed my name from Simran to SIMRAN BAJAJ for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Om Prakash S/o Sh. Fakir Chand R/o H. No. 205, Rupa Bai Mander, Near Telian Pul, Dogran Mohalla, Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Om Parkash Bajaj to OM PRAKASH for all future purpose..

- Deponent

**Name Change**

I, Renu W/o Sh. Rajiv R/o VPO Gorakhpur Teh. Bhuna, Distt. Fatehabad (Haryana) declare that I have changed my name from Renu Sharma to RENU for all future purpose..

- Deponent

**Name Change**

I, Reena Bajaj W/o Sanjeev Bajaj R/o H. No. 77/11B, Near Shivaji Park, Shanti Nagar, Hisar, Haryana declare that in my daughter SIMRAN documents my name is written as Reena. I have known by two names Reena and Reena Bajaj. Both names are mine and one of the same person.

- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं रामअवतार पुत्र श्रीचन्द निवासी मकान नम्बर 289 न्यू महावीर कॉलोनी हिसार तहसील व जिला हिसार का हूं और अपने हलफ से बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम मुकेश है। मैं मुकेश कुमार को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद जो भी मुकेश कुमार से किसी प्रकार का लेन-देन करेगा वह स्वयं उसका जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **-शपथकार**

**नाम परिवर्तन**

मैं जयवीर सिंह पुत्र श्री औम प्रकाश निवासी घिराये तहसील हांसी, जिला हिसार का हूं और अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम जयवीर से बदलकर जयवीर सिंह रख लिया है। यह कि मुझे आज के बाद जयवीर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये। **-शपथकार**




# सर्केडियन रिदम आधारित प्राकृतिक जीवन शैली और योग की विरासत

## योग के वैज्ञानिक पक्षों को उजागर करती पुस्तक का विमोचन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** 24 घंटे के दिन/रात के फ्रेम में विकसित हमारे शरीर की फिज़ियालोजीमें भी दिन-रात के अनुसार परिवर्तन होते हैं और इसके अनुरूप ढली दिनचर्या को सर्केडियन रिदमकहते हैं।नियमित दिनचर्या का उल्लेख 147 बीसी में महाऋषि पतंजली द्वारा रचित योगसूत्र में अष्टांग के दूसरे चरण नियम मेंमिलता है। उस दौर में विज्ञान के आधुनिक टूल्सविकसित नहीं हुए थेऔरकेवलअनुभव के आधार पर इसके महत्त्व को दर्शाया गया था।साइंस के टूल्स की मदद से आज सर्केडियन रिदम को गहराई से समझा जा चुका है और इस जानकारी के लिए 2017 में माइकल रोसबाश, जेफरी सी हाल और माइकल डब्लू यंग को नोबेल पुरुस्कार से सम्मानित किया गया जा चुका है। पुस्तक का विमोचन सीनियर सिटिज़न्स क्लब में किया गया और इस अवसर पर 80 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। मंच संचालन के लिए दुबई से विशेष रूप से आई श्रेया ने क्रोमोसोमेस में टेलीमर्स की लंबाई और एजिंग के रिश्ते पर प्रकाश डाला। मिसिज़ सुदेश कालड़ा, सीनियर सिटिज़न्स क्लब के सचिव डा आर के जैन, वाईस प्रेसिडेंट डी एन बेनीवाल और वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट की प्रेसिडेंट डा पुष्पा सतीजा ने वर्ष 2007 में वानप्रस्थ की स्थापना में सुदामा अग्रवाल और पुस्तक के लेखक डा सतीश कालड़ा के प्रयासों को याद किया। पुस्तक का परिचय देते हुए डा कालड़ा ने बताया जब दिनचर्या सर्केडियन रिदम से तालमेल करती हुईनियमितरहती हैं तो स्वास्थ्य बेहतर रहता है। लेकिन जब रिदम को डिस्टर्बहोने दिया जाता है तब जीन्स आतंरिक घड़ी को सही सन्देश नहीं दे पातीं और शरीर व मन ज़रूरत के मुताबिक़काम नहीं करते। उलंघन महीनों जारी रहने पर इम्युनिटी कमज़ोर होने लगती है, इन्फेक्शनस का खतरा बढ़ जाता है और अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, माईग्रेन, डायबिटीज, मोटापा, डिमेंशियाऔर कैंसर जैसे क्रोनिक रोग पैदा होने लगते हैं। हड्डी रोग स्पेशलिस्ट डा नीरज सतीजा ने बताया कि ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट से प्राप्त जानकारी के बाद मानव शरीर को खुद के सेल्स और माइक्रोब्स का सिंबियंट कहा जाने लगा है। ये माइक्रोब्स स्वास्थ्य की बरकरारी में अहम भूमिका निभाते हैं और इनके पोषण के लिए घुलनशील फाइबर्स का सेवन ज़रूरी है। नेत्र रोग स्पेशलिस्ट डा खुराना ने प्राकृतिक जीवन शैली के तीन पिलर्स पर प्रकाश डाला; न्यूनतम सात घंटे की नींद ताकि अंगों में हो रही टूट फूट की नियमित रिपेयर के लिए पर्याप्त समय मिलता रहे,खाने की खिड़की को 12 घटे तक सीमित रखना ताकि ऑटोफैजी क्षमता को सक्रिय रख कर प्रोटीन की मांग को घटाते हुए गुर्दों पर निष्कासन का दबावघटाना तथा, फिजिकल एक्टिविटी जिससे लिंब्स के अंतिम छोर तक खून का पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित हो। पुस्तक में योग से जुड़े दो और पिलर्स भी जोड़े गए हैं, स्पाइन हेल्थ ताकि अंदरुनी अंगों की सेहत और मन शांत रखने के लिए पारासिंपेथेटिक सिस्टम की सक्रियता सुनिश्चित की जा सके तथा, शोधन के लिए शटकर्म। पुस्तक 26 चैप्टर्स विभाजित है जिन्हें छह भागों में बांटा गया है, सर्केडियन रिदम से परिचय; नींद और रेपेयर मेकेनिज़्म; पौष्टिक संतुलित खान पान, खाने कीखिड़की और व्यायाम; सर्केडियन रिदम में सुधार से क्रॉनिक रोगों का प्रबंधन; योगकी विरासत और नईजानकारियों की पृष्ठभूमि में योगका मूल्यांकन तथा; योग क्रियाओं का सचित्र वर्णन। योगपरम्परा में उपलब्ध प्रमुख रचनाएं हैं पतंजली योगसूत्र तथा हठयोग के क्षेत्र में शिवसंहिता, घेरंड संहिता और हठयोग प्रदीपिका। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ये रचनाएं या तो मूल संस्कृत भाषा मेंउपलब्ध हैं या फिर अंग्रेज़ी भाषा मेंजबकिहिन्दी क्षेत्र का आमजन आमतौर परइन भाषाओं से अनजान ही होता है। पुस्तक के पांचवें भाग में इन रचनाओं के हिन्दी अनुवाद पाठकों को एक ही स्थान पर पढ़ने को उपलब्ध हो जाएंगे। इसी भाग में योग की विरासत का वैज्ञानिकमूल्यांकनभी शामिल किया गया है। डा ए पी सेतिया इस प्रोग्राम में ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि हिन्दी भाषा में जानकारी उपलब्ध होने प्राकृतिक जीवन शैली की वैज्ञानिक समझ का व्यापक प्रसार सहज हो जाएगा। सचिव डा जे के डांग भी इस प्रोग्राम में ऑनलाइन जुड़े। इस अवसर पर राज गर्ग, कमला सैनी, एस पी चौधरी, सुनीता श्योकंद, सुनीता मेहतानी, सुनीता जैन, शमीम शर्मा और भारत भूषण प्रधान ने भी अपने विचार रखे।

## मनरेगा सहयोग मंच की 21 सदस्यीय ब्लॉक कमेटी का गठन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच की आम बैठक बीडीपी ओ हिसार के मीटिंग हॉल में हुई जिसकी अध्यक्षता बालकिशन शर्मा तलमण्डी रुका ने की । सर्वसम्मती से ब्लॉक कमेटी हिसार 1 की कमेटी का गठन किया गया। 15 दिसंबर 2023 को हिसार ब्लॉक पर धरना देकर मांगों का ज्ञापन देने का फैसला लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के राज्य अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने कहा कि हरियाणा व केंद्र की सरकार मनरेगा मेट,मजदूर , रोजगार सहायक, बीएफटी,अकाउंटेंट ,एबीपीओ सहित तमाम की मांगों को अनदेखा कर रही है। मंच पिछले लंबे समय से संघर्ष जारी रखे हुए हैं और मुख्य तौर पर मंच यह मांग करता है कि सरकार विभाग के तमाम कर्मचारियों को पक्का करें, पूरे साल के लिए काम तथा मजदूरों के लिए ₹600 मजदूरी का प्रावधान करते हुए साइट पर काम करते हुए यदि कोई मौत होती है। सर्वसम्मती से 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया जिसमें तीन स्थान खाली रखे गए हैं।

## बाल भवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में आई. डी.डी.ए.वी.के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम किया रोशन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** आई.डी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, (सीनियर सेकेंडरी) डाबड़ा रोड़ हिसार के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाल भवन में आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत कर विद्यालय को श्रेष्ठतम श्रेणी में ला खड़ा किया है। ये प्रतियोगिताएँ जिला स्तर पर बाल भवन हिसार में आयोजित की गई ।समूह गान प्रतियोगिता ग्रुप-2 में तृतीय पुरस्कार ,ग्रुप- 3 में प्रथम पुरस्कार, ग्रुप- 4 में द्वितीय पुरस्कार , एकल गान प्रतियोगिता ग्रुप -3 में निशांत ने सांत्वना पुरस्कार ,एकल नृत्य क्लासिकल प्रतियोगिता में अनुष्का तृतीय पुरस्कार, क्ले मॉडलिंग में भव्य भट्ट ने सांत्वना पुरस्कार, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में मनप्रीत ने प्रथम पुरस्कार, अंग्रेज़ी सुलेख प्रतियोगिता में सिमरन ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता में सृष्टि ने सांत्वना पुरस्कार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में खुशी मेहता और दिव्या ने तृतीय पुरस्कार और निखिल पूनिया और विभोर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया और कुल 43 बच्चों ने पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया ।

मंडल स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता ग्रुप- 3 में भी विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया।स्कूल की क्षेत्रीय सहायक अधिकारी श्रीमती सुनीता बहल ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दीऔर अपने प्रभावी वक्तव्य में कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में सफलता पाने के लिए हमें हर क्षेत्र में पूरी निष्ठा में लगन से तैयारी करनी चाहिए क्योंकि इस तरह की उपलब्धियों से न केवल विद्यालय बल्कि गुरुजनों का सिर भी गर्व से ऊँचा होता है। उन्होंने बच्चों की हौसला अफ़ज़ाई की और उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के चहुँमुखी विकास हेतु विद्यालय सदैव अग्रसर रहेगा ताकि उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सके।

## स्कूल के बच्चों ने किया गुरुद्वारे का दौरा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** गुरु तेग बहादुर स्कूल में नर्सरी से तीसरी कक्षा के बच्चों को गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर में ले जाया गया। बच्चों को सिक्खों के इतिहास से संबंधित जानकारी दी गई। अध्यापिकाओं ने गुरूजी द्वारा दिए गए कार्यों, शिक्षाओं व बलिदान के बारे में बताया। सभी बच्चों ने अनुशासित ढंग से गुरुद्वारे के अंदर जाकर दर्शन किए वह माथा टेका। शिक्षकों ने बच्चों को धार्मिक सहचारिता का पाठ भी पढ़ाया। गुरुद्वारे जाकर बच्चों ने गुरु नानक देव जी की तीन बड़ी शिक्षाएं- नाम जपो, ईमानदारी से काम करो और दान करो आदि शिक्षाओं को जाना और उनके उपदेशों का पालन करते हुए स्कूल के विद्यार्थियों ने जरूरतमंद लोगों की सहायता की । विद्यालय के अध्यक्ष श्री चरणजीत सिंह ने कहा कि बच्चों को ऐसी गतिविधियाँ करवाने से धार्मिक सहचारिता का भाव बढ़ता है।बच्चों को केवल शिक्षा से जोड़ना ही स्कूल का उद्देश्य नहीं है बल्कि बच्चों का सर्वेपक्षीय विकास करना है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सपना जैन ने बच्चों को बताया कि धार्मिक गतिविधियों व जरूरतमंद लोगों की मदद करने से न केवल लोगों में सामाजिक जुड़ाव बनता है, बल्कि युवा पीढ़ी को उदारता के बारे में सीख मिलती हैं। विद्यालय में आने वाले दिनों में गुरु पर्व से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वार निःशुल्क मेडिकल कैम्प व सिलाई प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन 26 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 नवम्बर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय इकाई गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला द्वारा 26 नवम्बर को स्थानीय कैमरी रोड पर स्थित आश्रम में निःशुल्क मैडिकल कैम्प व सिलाई प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन करेगी। गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया कि निःशुल्क विशाल मैडिकल कैम्प व सिलाई प्रशिक्षण कैम्प का शुभारंभ 26 नवम्बर को सुबह 10 बजे परिवाजक आरसी मिश्रा द्वारा हवन यज्ञ करवा कर किया जाएगा। फ्री मैडिकल कैम्प में नगर वरिष्ठ डॉक्टर डॉ रेखा पंवार सेवानिवृत्त एसएमओ ,डॉ रजनी मुंजाल बीएएमएस , डॉ वेद नरूला सेवानिवृत्त डीएओ , डॉ कर्ण सिंह एएमओ, डॉ विजय सारस्वत आयुर्वेद चिकित्सक अपनी सेवाएं देगें। डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया कि इस मौके पर डिप्टी स्पीकर रणवीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे जबकि डॉ महेंद्र जुनेजा नगर पार्षद,डीएन गुप्ता समाजसेवी व रवि महता प्रधान पीएलए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। जबकि समिति के सभी सदस्य मौजूद रह कर व्यवस्था की देखभाल करेंगे।













प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।